पत्र संख्या-आई0टी0/ पैन अपडेशन / (2017-2018)/ 388 /171813 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0-अनुभाग)
दिनॉक // लखनऊ // ~~मई,~~ 01 2017
जून

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,**
**समस्त ज्वाइंट कमिश्नर(कार्यपालक)**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

---

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या 710 दिनांक 26 अक्टूबर,2016 का संदर्भ लेने का कष्ट करें जिसके द्वारा PAN Updation की प्रक्रिया में सरकारी विभाग/अर्द्धसरकारी विभाग/निगम/निकायों के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे। फील्ड स्तर से अधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में दूरभाष पर की जा रही जिज्ञासाओं के क्रम में फील्ड के अधिकारियों को पुन: इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जा रही है:-

1. ऐसे सरकारी विभाग जो खण्ड कार्यालय में पंजीकृत है उनके द्वारा अधिकांशत: अधिकृत प्रतिनिधि /डी0डी0ओ0 के PAN पर पंजीयन प्राप्त कर लिया गया है। सामान्यत: सरकारी विभाग को PAN आवंटित होते है। अत: खण्ड अधिकारी द्वारा इस बात की जांच कर ली जाये कि यदि ऐसे सरकारी विभाग किसी प्रकार की खरीद-बिक्री करते है अथवा सर्विस प्रदाता के रुप में पूर्व से अन्य विभाग में पंजीकृत रहे है तो उनके पास PAN अवश्य होगा अत: उनके PAN उपरोक्तानुसार अपडेट कर लिये जाए। ऐसे सरकारी विभाग जिनके द्वारा पंजीयन विभागीय पैन के आधार पर प्राप्त किया गया है परन्तु उनके प्रोविजनल आई0डी0 अभी प्राप्त नहीं हुए है ऐसे विभागों की सूचना मुख्यालय को तत्काल दिये गये प्रारुप में भेजना सुनिश्चित करें। ऐसे सरकारी विभाग जिनके द्वारा रजिस्ट्रेशन विभागीय PAN के सापेक्ष लिया गया है तथा यदि उनके प्रोविजनल आई0डी0 प्राप्त हो गये है तो उनके सम्बन्ध में कोई सूचना मुख्यालय प्रेषित न की जाए।

2. कुछ सरकारी विभाग ऐसे है जिनके द्वारा खरीद बिक्री का कार्य नहीं किया जाता है न ही वे सर्विस प्रदाता के रुप में अन्य विभाग में पंजीकृत हैं। ऐसे सरकारी विभाग के पास सामान्यत: TAN नम्बर होते है क्योंकि उनके द्वारा TDS काटकर जमा किया जाता है। ऐसे सरकारी विभागों की सूचना उनके TAN नम्बर Update करते हुए मुख्यालय भेजी जाये। सरकारी विभाग संबंधी सूचना जोनल स्तर पर संकलित करते हुये निम्न प्रारुप में मुख्यालय को दिनांक 05.06.2017 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ऐसे समस्त प्रोविजनल आई0डी0 मुख्यालय द्वारा जी0एस0टी0एन0 से प्राप्त किये जाएँगे तत्पश्चात वितरित किये जाएँगें।

3. जिन सरकारी विभागों के PAN Updated नहीं है उन्हें Update कराना तत्काल सुनिश्चित कराया जाये।

**प्रारुप जिसमें जोन पर सूचना संकलित करके मुख्यालय प्रेषित की जानी है( Excel file में )**

| **क्र0सं0** | **जोन** | **सरकारी विभाग का नाम** | **PAN/TAN** | **मुख्यालय /शाखा / वर्टिकल यह अंकित करें।** |
|---|---|---|---|---|

उपरोक्त प्रारुप में सूचना मुख्यालय को दिनांक 05.06.2017 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करें तथा उक्त सूचना Excel file में **ई मेल आई0डी0 ctithqlu-up@nic.in** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**(विवेक कुमार)**
एडीशनल कमिश्नर(आई0टी0/जी0एस0टी0)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।